YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 01.03.2017

HINDUSTAN

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रोटरी क्लब के सहयोग से मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया, इस मौके पर नेत्रहीनों को सेंसर्स के माध्यम से बने उपकरणों के विषय में जानकारी दी गई। • हिन्दुस्तान

'विज्ञान संवार सकता है भविष्य'

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रोटरी क्लब के सहयोग से मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस मौके पर नेत्रहीन दिव्यांगों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड सेंटर के नेत्रहीन दिव्यांगों को विद्युत उपकरणें और नेत्रहीनों के लिए सेंसर्स के माध्यम से बने उपकरणों के विषय में जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मौजूद थे। उन्होंने बताया कि भौतिक विज्ञान के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता सीवी रमन की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मानया जाता है।

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 01.03.2017

PUNJAB KESARI

दिव्यांगों को संवारे विज्ञान : प्रो. दिनेश

वाईएमसीए में कार्यक्रम में दिव्यांग अतिथियों का स्वागत करते प्रो. दिनेश कुमार।

- **नेत्रहीनों की कार्यशाला का किया आयोजन**
- **बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स की जानकारी दी गई**

फरीदाबाद, 28 फरवरी (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विज्ञान को समाज की उन्नति तथा दिव्यांग जनों के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बनाएं। कुलपति प्रो. कुमार आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा नेत्रहीन दिव्यांगों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा रोटरी क्लब, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड, फरीदाबाद केंद्र के नेत्रहीन दिव्यांगों को बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों तथा नेत्रहीनों के लिए उपयोगी विभिन्न प्रकार के सेंसर्स की एप्लिकेशन्स के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुल सचिव डॉ. संजय कुमार ने कहा कि प्रत्येक दिव्यांग जनों में एक विशेष दिव्य योग्यता होती है, जो उन्हें सामान्य लोगों से अलग करती है। इसलिए, विज्ञान उन लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। कार्यशाला को रोटरी क्लब फरीदाबाद के अध्यक्ष संदीप सिंघल तथा नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड, फरीदाबाद केंद्र के अध्यक्ष अजीत सिंह पटवा ने भी संबोधित किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 01 March 2017
epaper.punjabkesari.in//c/17211556

NEWS CLIPPING: 01.03.2017

NAVBHART TIMES

वाईएमसीए में हुए कई कार्यक्रम

■ **वस, फरीदाबाद:** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने स्टूडेंट्स से आह्वान किया कि वे विज्ञान को समाज की उन्नति और दिव्यांग जनों के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बनाए। वाइस चांसलर प्रो. कुमार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में यूनिवर्सिटी की ओर से नेत्रहीन दिव्यांगों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। फिजिक्स में देश के पहले नोबल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक सर सी वी रमन की याद में समर्पित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को इस साल दिव्यांगों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय के तहत मनाया जा रहा है। वाईएमसीए यूनिवर्सिटी और रोटरी क्लब, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में नैशनल असोसिएशन फॉर ब्लाइंड, फरीदाबाद केन्द्र के नेत्रहीन दिव्यांगों को बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों तथा नेत्रहीनों के लिए उपयोगी विभिन्न प्रकार के सेंसर्स की एप्लीकेशन्स के बारे में जानकारी दी गई।

AMAR UJALA

दिव्यांगजनों के जीवन को बनाएं बेहतर: कुलपति

बल्लभगढ़। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विज्ञान को समाज की उन्नति तथा दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बनाएं। कुलपति विज्ञान दिवस के मौके पर विश्वविद्यालय द्वारा नेत्रहीन दिव्यांगों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।